मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-166
28/03/2021

मुख्यमंत्री ने नालंदा के तेल्हाड़ा थाना क्षेत्र में हुयी सड़क दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया, दुर्घटना में मृत लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है

- दुर्घटना में मृत लोगों के आश्रितों को अविलंब 04–04 लाख रूपये का अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश

पटना, 28 मार्च 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने नालंदा के तेल्हाड़ा थाना क्षेत्र में अनियंत्रित ट्रक से कुचल कर मरने वाले लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्घटना काफी दुःखद है और मैं इस घटना से मर्माहत हूँ।

मुख्यमंत्री ने इस दुर्घटना में मृत लोगों के आश्रितों को अविलंब 04–04 लाख रूपये का अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री ने इस दुर्घटना में घायल लोगों का निःशुल्क समुचित इलाज का निर्देश दिया है साथ ही सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

******